संख्या-419/2020/756/22-2-2020-17(118)/2020

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर, 2020***

विषय:- जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल, निवासी जनपद-सीतापुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-16933/प्रोवेशन-3/फार्म-ए(एम-05.06.2020) दिनांक-03.07.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल, राठौरपुर, थाना-मछरेहटा, जनपद-सीतापुर का निवासी है। बन्दी दिनांक 20-06-2004 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कारित की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-796/2004 में भा0द0वि0 की धारा-**302**/34, **307** के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-3, सीतापुर के आदेश दिनांक 18.07.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 01.06.2020 तक 15 वर्ष 11 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 11 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 11.07.2019 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है, किन्तु प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बन्दी ने पूर्व की रंजिश में दिनांक 20-06-2004 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर गोली मारकर पप्पू सिंह उर्फ कुमुद सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। जेल रिपोर्ट के अनुसार बन्दी की आयु लगभग 53 वर्ष है। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, अन्य वाद में लम्बित होने, जेलदण्ड एवं 04 बार प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह (बन्दी संख्या-196/2019) पुत्र श्री वीरपाल, निवासी **जनपद-सीतापुर** के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार कर दी गयी** है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-419/2020/756(1)/22-2-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, रामपुर।
3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री को सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-419/2020/756/22-2-2020-17(118)/2020

दिनांक 28 सितम्बर, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, रामपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल, राठौरपुर, थाना-मछरेहटा, जनपद-सीतापुर का निवासी है। बन्दी ने दिनांक 20-06-2004 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कारित की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-796/2004 में भा0द0वि0 की धारा-**302**/34, **307** के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-3, सीतापुर के आदेश दिनांक 18.07.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 01.06.2020 तक 15 वर्ष 11 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 11 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 11.07.2019 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है, किन्तु प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि बन्दी ने पूर्व की रंजिश में दिनांक 20-06-2004 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर गोली मारकर पप्पू सिंह उर्फ कुमुद सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। जेल रिपोर्ट के अनुसार बन्दी की आयु लगभग 53 वर्ष है। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, अन्य वाद में लम्बित होने, जेलदण्ड एवं 04 बार प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष **बन्दी टप्पू उर्फ गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री वीरपाल सिंह** को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** कर दी गयी है।

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।